2820(ई)
29/04/2026

## पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 28/4/2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल, मोतिहारी के अन्तर्गत Construction of Hard Shoulder with Paver Block along the Raxaul-Chauradano Branch Canal Service Road (Km. 0.00 to Km. 13.00) for the year 2025-26 कार्य की पुनर्निविदा के वित्तीय बीड पर निर्णय हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री पंकज कुमार पाल, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
(ii) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
(iii) श्री सुनील कुमार सुमन, मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा एवं इस पर विभागीय ज्ञापांक–515(ई०) दिनांक–21.01.2026 द्वारा संसूचित विभागीय निविदा समिति का निर्णय तदनुसार मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–707(अनु०) दिनांक–19.02.2026 के माध्यम से प्राप्त वित्तीय बीड की अनुशंसा एवं संलग्न जाँच–पत्र के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | Construction of Hard Shoulder with Paver Block along the Raxaul-Chauradano Branch Canal Service Road (Km. 0.00 to Km. 13.00) for the year 2025-26 |
| 2.2 | योजना मद | : | 5054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | पथ प्रमंडल, मोतिहारी। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹970.20 लाख। विभागीय ज्ञापांक–7588(एस०) दिनांक–29.08.2025 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹1035.47 लाख मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–2962(अनु०) दिनांक–12.09.2025 |
| 2.6 | परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹991.11989 लाख। |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 06 (Six) Months |
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (SBD) |

2.9 निविदा प्राप्ति की तिथि : 09.10.2025

2.10 प्राप्त निविदा की संख्या : 02 (दो) अदद यथाः–

(i) Sai Construction

(ii) M/s Barhonia Engicon Private Limited

2.11 विभागीय निविदा समिति द्वारा तकनीकी बीड निष्पादन का प्रसंग : प्र0–7 / निविदा–03–237–2025 विभागीय ज्ञापांक–515(ई०) दिनांक–21.01.2026

2.12 परिवाद की स्थिति : परिवाद प्राप्त नहीं है।

2.13 प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण : पुनर्निविदा है। प्रथम बार निविदा में एकल निविदाकार द्वारा भाग लेने के फलस्वरूप PWD Code के नियम–163(2) एवं इसके आलोक में निर्गत विभागीय पत्रांक–6367(E)We दिनांक–10.09.2018 के आलोक में पुनर्निविदा आमंत्रित किया गया।

3. **मुख्य अभियंता, उत्तर का अनुशंसा (पत्रांक–707(अनु०) दिनांक–19.02.2026):–**

विषयांकित कार्य की पुनर्निविदा का वित्तीय बीड प्राप्त हुआ है। दिनांक–21.01.2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति के निर्णयानुसार तकनीकी बीड में सफल एकल निविदाकार की निविदित राशि निम्नवत् हैः–

| क्र० सं० | निविदाकार का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (Rs.) | उद्धृत दर (%) | उद्धृत दर पर राशि (Rs.) | बीड रैंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | M/s Barhonia Engicon Private Limited | ₹9,91,11,989.00<br>(नौ करोड़ इक्यानवे लाख ग्यारह लाख नौ सौ नवासी रुपये) | परिमाण विपत्र की राशि से 4.00% (चार दशमलव शून्य) प्रतिशत अधिक दर पर। | ₹10,30,76,468.56<br>(दस करोड़ तीस लाख छिहत्तर हजार चार सौ अड़सठ रुपये छप्पन पैसे) | L-1 |

इस प्रकार वित्तीय बीड में सफल एकल निविदाकार M/s Barhonia Engicon Private Limited है, जिनका निविदित दर परिमाण विपत्र की राशि से 4.00% अधिक होने के फलस्वरूप दर वार्त्ता कर उद्धृत दर को कम करने हेतु उपभागीय पत्रांक–549 दिनांक–10.02.2026 द्वारा निविदाकार को निदेशित किया गया।

दिनांक–12.02.2026 को दर वार्त्ता के पश्चात् निविदाकार के पत्रांक–BEPL/201 दिनांक–17.02.2026 से BOQ दर (Schedule rate of 0%) पर कार्य करने की सहमति दी गयी।

उक्त के आलोक में परिमाण विपत्र (B.O.Q.) की दर पर राशि ₹9,91,11,989.00 (नौ करोड़ इक्यानवे लाख ग्यारह हजार नौ सौ नवासी रुपये) मात्र होती है।

अतः एकल निविदाकार M/s Barhonia Engicon Private Limited के पक्ष में ₹9,91,11,989.00 (नौ करोड़ इक्यानवे लाख ग्यारह हजार नौ सौ नवासी रुपये) मात्र पर कार्य आवंटन की अनुशंसा की जाती है।

वित्तीय बीड की तुलनात्मक विवरणी (eproc-2 से downloaded) एवं जाँच–पत्र विभागीय निविदा समिति की स्वीकृति प्राप्त करने हेतु भेजी जा रही है। पुनर्निविदा से संबंधित अन्य दस्तावेज उपभागीय पत्रांक–3917(अनु०) दिनांक–31.12.2025 से मुख्यालय में समर्पित है।

4. उपभागीय पत्रांक–707(अनु०) दिनांक–19.02.2026 द्वारा विषयांकित कार्य के पुनर्निविदा का वित्तीय बीड तुलनात्मक विवरणी एवं जाँच–पत्र विभागीय निविदा समिति की स्वीकृति हेतु प्राप्त हुआ है, जिसमें विषयांकित कार्य के वित्तीय बीड में संवेदक M/s Barhonia Engicon Private Limited द्वारा उद्धृत दर परिमाण विपत्र की राशि से 4.00% अधिक होने के फलस्वरूप दर वार्त्ता कर उद्धृत दर को कम करने हेतु उपभागीय पत्रांक–549 दिनांक–10.02.2026 द्वारा संवेदक को निदेशित किया गया। दिनांक–12.02.2026 को दर वार्त्ता के पश्चात् संवेदक के पत्रांक–BEPL/201 दिनांक–17.02.2026 से BOQ दर (Schedule rate of 0%) पर कार्य करने की सहमति दी गयी।

उक्त के आलोक में संवेदक M/s Barhonia Engicon Private Limited को पुनः दर वार्त्ता हेतु विभागीय पत्रांक–1522(E) दिनांक–25.02.2026 द्वारा अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का कार्यालय कक्ष में दिनांक–27.02.2026 को अपराह्न 04:00 बजे उपस्थित होने का निदेश दिया गया।

उक्त विभागीय निदेश के अनुपालन में संवेदक M/s Barhonia Engicon Private Limited के पत्रांक–PAT/02/238 दिनांक–27.02.2026 द्वारा letter with regards to Rate Negotiation for tender awarded as mentioned below के संबंध में प्रतिवेदन समर्पित किया गया है, जो निम्नवत् हैः–

With reference to your letter for 'Rate Negotiation' and subsequent meeting; I would like to humbly request you to keep the rate as its is. I have submitted a rate after a lot of deliberation. The road is quite congested and traffic on this road is extremely high. The Indo-Nepal Border Road running parallel to it has not been complete so all the traffic in on this road which is of single width. All the work will have to be carried out at night and in double shift so that we can complete the work in stipulated time.

However after the rate negotiation meeting with the department, we will work at below 1% rate of the BOQ.

निर्गत 2।2।

5. विभागीय निविदा समिति का निर्णयः

5.1 मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–707(अनु०) दिनांक–19.02.2026 के माध्यम से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में सम्यक विचारोपरान्त समिति द्वारा पथ प्रमंडल, मोतिहारी के अन्तर्गत **Construction of Hard Shoulder with Paver Block along the Raxaul-Chauradano Branch Canal Service Road (Km. 0.00 to Km. 13.00) for the year 2025-26** कार्य की पुनर्निविदा के वित्तीय बीड में सफल एकल निविदाकार यथा **M/s Barhonia Engicon Private Limited** को उनके उद्धृत दर जो परिमाण विपत्र की राशि से 4.00% (चार दशमलव शून्य) प्रतिशत अधिक थी, दर वार्त्ता के पश्चात् परिमाण विपत्र की राशि से 1.00% (एक दशमलव शून्य) प्रतिशत कम यानि् प्रक्रमित राशि ₹9,81,20,869.00 (नौ करोड़ इक्यासी लाख बीस हजार आठ सौ उनहत्तर रुपये) मात्र, पर निविदा की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

5.2 यदि उक्त संवेदक पथ निर्माण विभाग में निबंधित नहीं है, तो बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के अधीन उनके निबंधित होने के उपरान्त ही एकरारनामा किया जाए।

5.3 एकरारनामा करने के पूर्व अग्रधन की राशि का सत्यापन संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा कराना सुनिश्चित किया जाय।

5.4 निविदाकार से SBD के सुसंगत कडिकाओं के आलोक में निर्गत विभागीय पत्रांक–447(S) दिनांक–16.01.2020 में निहित प्रावधान के अन्तर्गत आवश्यक अतिरिक्त Performance Security प्राप्त करने के उपरान्त ही एकरारनामा किया जाय।

5.5 राशि की अंकगणितीय जाँच मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना द्वारा अपने स्तर से कर लिया जायेगा।

5.6 एकरारनामा होने के उपरान्त इसकी सूचना विभाग को भी उपलब्ध करायी जाय।

5.7 विभागीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को **e-proc website** पर प्रदर्शित करने के अलावे विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (मजीद अहमद)<br>आन्तरिक<br>वित्तीय सलाहकार,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (सुनील कुमार सुमन)<br>मुख्य अभियंता,<br>उत्तर,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (उमा कान्त रजक)<br>अभियंता प्रमुख–सह–अपर<br>आयुक्त–सह–विशेष सचिव<br>(कार्य प्रबंधन),<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (पंकज कुमार पाल)<br>सचिव,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। |

ज्ञापांकः प्र0–7 / निविदा–03–237 / 2025 2820 (E) पटना, दिनांक 29/04/2026

**प्रतिलिपिः**– मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / अधीक्षण अभियंता, पथ अंचल, मोतिहारी / कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, मोतिहारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित / आई०टी० मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना।